नशे में घर पहुंचे पति ने पत्नी में मारे चाकू, बच्चियों ने शोर मचाकर मां को बचाया

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। उपनगर मुरार में मामूली कहासुनी के बाद एक सनकी पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना के समय मौजूद बेटियों के शोर मचाने पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे महिला की जान बच गई। आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया, लेकिन बाद में पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। घटना पीतल कारखाने के पीछे सिंहपुर रोड इलाके में हुई। घायल महिला सुनीता बाथम अपने परिवार के साथ रहती है और सिलाई का काम कर परिवार का पालन-पोषण करती है। उसका पति कल्लू बाथम नशे का आदी बताया जा रहा है और अक्सर विवाद करता रहता था।

कल्लू बाथम नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। विवाद बढने् पर उसने चाकू उठाकर सुनीता पर कई वार कर दिए। इस दौरान उनकी बेटियां भी मौके पर मौजूद थीं, जिन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। हमले में सुनीता को पेट और हाथ में चोट आई है। घायल महिला को तुरंत पड़ोसियों ने मुरार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। पुलिस ने जानकारी जुटाकर उसे पकड़ लिया और मुरार थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर उसके बयान दर्ज कर एफआईआर दर्ज की। मुरार थाना पुलिस के अनुसार आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को ही हमले की वजह माना जा रहा है।

वाहन चोर पकड़ा, 5 दोपहिया वाहन बरामद

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा है। आरोपी चोरी की बाइक बेचने आया था, लेकिन समय पर सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से 5 चोरी की दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। वह मास्टर की के जरिए किसी भी वाहन का लॉक खोल लेता था। आरोपी चोरी के वाहनों को तिघरा पहाडियों के पीछे झाडियों में छिपाकर रखता था। उसके खिलाफ ग्वालियर के विभिन्न थानों में नकबजनी और आर्म्स एक्ट सहित 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह ग्वालियर के अलावा शिवपुरी और मुरैना में भी वाहन चोरी कर चुका है। पुलिस को आशंका है कि उससे कई अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। इसी दौरान कोतवाली थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिना नंबर की काले रंग की अपाचे बाइक बेचने की फिराक में गुप्तेश्वर मंदिर के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध को देखकर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपा उर्फ दीपू पिता प्रीतम सिंह यादव निवासी ग्राम कुलैथ खेरिया तिघरा के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने अपाचे बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

चेसिस नंबर मिलान में बाइक चोरी की पाई गई, जिसे बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने ग्वालियर के अलावा शिवपुरी और मुरैना से भी वाहन चोरी करना कबूल किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने स्टेडियम रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास झाडियों से अपाचे बाइक की नंबर प्लेटें और मास्टर चाबी बरामद की।

राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को रोमांचक मुकाबले में हराया

अहमदाबाद 4 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-9 में शनिवार को गुजरात टाइटन्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से हुआ. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने 6 रनों से जीत हासिल की.

मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 211 रन बनाने थे, लेकिन वो 8 विकेट पर 204 रन ही बना सकी. मुकाबला आखिरी ओवर तक खिंचा और काफी रोमांचक रहा. आखिरी ओवर में गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 11 रन बनाने थे. लेकिन तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने उस ओवर में कमाल की गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 4 रन दिए और कप्तान राशिद खान का विकेट भी लिया. राशिद खान और कगिसो रबाडा क्रीज पर जम चुके थे, लेकिन तुषार ने आखिरी ओवर में उन दोनों को पूरी तरह बांधे रखा. राजस्थान रॉयल्स की मौजूदा सीजन में ये लगातार दूसरी जीत रही. वहीं गुजरात टाइटन्स ने मौजूदा सीजन में लगातार दूसरा मुकाबला गंवाया है. गुजरात टाइटन्स की इस सीजन में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स ने तीन विकेट से हरा दिया था. वहीं राजस्थान रॉयल्स ने अपने शुरुआती मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से धूल चटाई थी.

स्कोर बोर्ड

राजस्थान रॉयल्स बल्लेबाजी

खिलाड़ी	रन	गेंद	चौके	छक्के
यशस्वी जयसवाल	55	36	6	3
वैभव सूर्यवंशी	31	18	5	1
ध्रुव जुरेल	75	42	5	5
रियान पराग	8	4	0	1
शिम्रोन हेटमायर	18	8	1	2
डोनोवन फरेरा	1	3	0	0
रवीन्द्र जड़ेजा	7	7	1	0
जोफ्रा आर्चर	1	2	0	0

अतिरिक्त 14,
कुल 20 ओवर में 210/6
गुजरात गेंदबाजी- मोहम्मद सिराज 4-0-48-1, रबाडा 4-0-42-2, अशोक शर्मा 4- 0-37-1, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-43-1, राशिद खान 4-0-39-1

गुजरात बल्लेबाजी

साई सुदर्शन	73	44	9	3
कुमार कुशाग्र	18	14	3	0
जोस बटलर	26	14	5	0
ग्लेन फिलिप्स	3	4	0	0
वॉशिंगटन सुंदर	4	2	1	0
राहुल तेवतिया	12	6	1	1
एम शाहरुख खान	11	4	1	1
राशिद खान	24	16	3	0
रबाडा	23	16	1	2
अशोक शर्मा	0	1	0	0

अतिरिक्त 10, **कुल** 20 ओवर में 204/8
राजस्थान गेंदबाजी - आर्चर 4-0-38-0, बर्गर 3-0-29-1, संदीप शर्मा 3-0-34-0, देशपांडे 3-0-24-1, जडेजा 2-0-25-0, रियान पराग 1-0-11-1, रवि बिश्नोई 4-0-41-4

पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। अखिल विश्व गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री शक्तिपीठ, गायत्री नगर ग्वालियर के तत्वावधान में मातृशक्ति जागरण एवं अखण्ड दीप जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर दो दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव के अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ देव एवं के साथ प्रात: 9:00 बजे प्रारंभहुआ। देव आवाहन के बाद निशुल्क संस्कार कराए गए जिसमें 20 गुरु दीक्षा संस्कार 10 गर्वोत्सव संस्कार दो जन्म दिवस संस्कार कराए गए। यह आयोजन श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम मिलावली, ग्वालियर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन शांतिकुंज, हरिद्वार से प्रशिक्षित विद्वतजन आर सी त्यागी, केपी शर्मा एवं एन के राठौर द्वारा संपन्न कराया गया।

गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा द्वारा प्रारंभ किए गए युग निर्माण आंदोलन के अंतर्गत वेदों एवं धर्मग्रंथों में वर्णित गायत्री यज्ञ एवं संस्कारों की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने का सतत प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान समय में बढ़ते वैचारिक एवं पर्यावरणीय प्रदूषण को दूर कर भारतीय देव संस्कृति के पुनर्जागरण हेतु यह विशेष यज्ञीय अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अखण्ड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने इस प्रकार के कार्यक्रम पूरे देश एवं विदेश में किया जा रहे हैं आज के कार्यक्रम का संचालन कमलेश गुप्ता व्यवस्थापक गति शक्तिपीठ द्वारा किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध दृष्टि बीके गुप्ता ने बताया कि यज्ञ में 500 ग्रामवासियों ने यज्ञ में गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र अंजनी पुत्र एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए विशेष आहुतियां दी। कार्यक्रम में चंदन कॉल, राम नारायण राठौर, भक्ति दर्शन बरोलिया, उषा गुप्ता, सुषमा सिंह, विकास मिश्रा, अशोक गुप्ता सहित 50 गायत्री परिजन उपस्थित थे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का होली मिलन आज

ग्वालियर 4 अप्रैल. अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ग्वालियर इकाई द्वारा होली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन 5 अप्रैल को शीतला सहाय सभागार कैंसर चिकित्सालय में आयोजित किया गया है ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ददरौआ धाम के महंत जी रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर बी आर श्रीवास्तव करेंगे । यह जानकारी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत खरे जिला अध्यक्ष विद्यासागर कुलश्रेष्ठ, महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, सिद्धार्थ खरे एवं कार्यक्रम के संयोजक संजय वर्मा ने दी। सभी पदाधिकारियों ने कायस्थ बंधुओं से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया जिससे समाज में परस्पर मिलन की भावना बढ़े।

जेसीआई ग्वालियर सुरभि के सदस्यों ने शीतला माता के दर्शन किए

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। जेसीआई ग्वालियर सुरभि द्वारा शीतला माता दर्शन का प्रोग्राम बनाया। सब जीवाजी क्लब पर एकत्र हुए फिर अपनी कारों से माता के जयकारे लगाते हुए शीतला मंदिर पहुंचे। मंदिर में दर्शन कर सब ने फोटो शूट करवाया, रील बनाई एवं ढेर सारी मस्ती की।

कार्यक्रम में संरक्षक जेसीआई सिनेटर रितिका गुप्ता (नेशनल ट्रेनर), जेसी नीलम अग्रवाल, जेसी अनीता गुप्ता, जेसी बरखा नामदेव, जेसी मोनिका शर्मा, जेसी नीतू गर्ग, जेसी प्रिया गुप्ता, जेसी सुजाता अग्रवाल, जेसी कृष्णा मित्तल, जेसी गायत्री ठाकुर, जेसी निशा बिंदल, जेसी सीमा गर्ग आदि उपस्थित रहीं। यह जानकारी संस्था की पीआरओ जेसी रीटा तनेजा एवं जेसी नीतू गर्ग ने दी।

ग्वालियर के छह रचनाकार आज मुरैना में होंगे सम्मानित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। आज रविवार 5 अप्रैल को मुरैना में विश्व साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में गीतकार गंधर्व सिंह तोमर चाचा जन्मशती समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक एवं विश्व साहित्य सेवा संस्थान के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गीतकार डॉ देवेंद्र तोमर ने बताया कि रविवार 5 अप्रैल को अपराह्न 3:00 गांधी मैरिज होम एम एस रोड मुरैना के सभागार में वरिष्ठ साहित्यकार गंधर्व सिंह तोमर चाचा का 101 वां जन्मदिन एक साहित्यिक आयोजन के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पुस्तक विमोचन, विराट कवि सम्मेलन, तथा गीत गंधर्व सम्मान कार्यक्रम जैसे चरणबद्ध आयोजन किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर ग्वालियर के छह गीतकारों का सम्मान होगा। इस क्रम में रचनाकारों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, पुष्पहार तथा सम्मान निधि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। ग्वालियर के जिन रचनाकारों का सम्मान इस समारोह में किया जा रहा है उनमें सर्वश्री प्रदीप पुष्पेंद्र, राम अवतार सिंह रास, अनिल राही, श्रीमती सरिता चौहान, जगमोहन श्रीवास्तव तथा श्रीमती रश्मि राठौड़ का नाम उल्लेखनीय है। कार्यक्रम संयोजक डॉ देवेंद्र तोमर ने समस्त साहित्य प्रेमियों से इस आयोजन में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

गुफा वाले हनुमान मंदिर पर आदित्य वाहिनी ने किया भंडारा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आदित्य वाहिनी, ग्वालियर द्वारा आज गुफा वाले हनुमान जी मंदिर एवं पर्वतेश्वर महादेव जी मंदिर परिसर (गुफा मंदिर) में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 6000 श्रद्धालुओं को स्नेहपूर्वक भोजन प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और सभी ने भक्तिभाव से प्रसादी ग्रहण किया।

आदित्य वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा कार्य किया। इस आयोजन में आलेख शर्मा, वैभव शुक्ला, ज्योति कुशवाह, जलज शर्मा, अंकित पाल, पियूष सिंह, गायत्री, सोनिया, श्वेता, रेनू, आशा, सीमा, अभिजीत चौहान एवं सोनम सिंह सहित अन्य

कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए भोजन, जल एवं व्यवस्था की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि हनुमान जयंती केवल आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भी संदेश देती है। इसी भावना के साथ यह भंडारा आयोजित किया गया।

प्राचीन ताल वाले हनुमान जी मंदिर पर मना जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। चैत्र मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर ताल वाले हनुमान जी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर से लगभग 6000 श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महाआरती में सहभागिता की एवं भोजन प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

इस शुभ अवसर पर भव्य श्रृंगार झांकी, फूल बंगला, छप्पन भोग तथा हनुमानजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आस्था देखने को मिली। राष्ट्रीय प्रजापति हितकारिणी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंदिर प्रबंधन समिति के मुख्य संरक्षक श्री ख्यालेन्द्र प्रजापति द्वारा उपस्थित जनसमूह को मंदिर के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह मंदिर लगभग 161 वर्ष पुराना प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर है, जिसकी व्यवस्था प्राचीन काल से ही प्रजापति समाज द्वारा संचालित होती आ रही है।

कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं हेमंत प्रजापति द्वारा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराई गईं। मुख्य यजमान के रूप में श्री श्यामलाल प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री बलराम प्रजापति ने आगंतुक अतिथियों एवं श्रद्धालुओं को गमछा, हनुमान जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी श्यामलाल प्रजापति, रामगोपाल प्रजापति, राकेश प्रजापति, ललित प्रजापति, सोनेराम प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, कमल प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, भालचंद्र प्रजापति, संतोष प्रजापति, आनन्द प्रजापति, महेश प्रजापति, जीतू प्रजापति, श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं समाजबंधुओं के विशेष सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ।

स्वामी विवेकानंद समिति 1100 सकोरे वितरित करेगी

ग्वालियर 4 अप्रैल. स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि कोई भी पक्षी प्यास और भूख से दम ना तोड़े इसके लिए समिति द्वारा 1100 निशुल्क सकोरे वितरित किए जाएंगे। साथ ही पोस्ट होल्डिंग लगाकर लोगों को जागृत भी किया जाएगा। इसी तरह पशुओं के लिए भी 21 निशुल्क पानी की टंकी शहर के अलग-अलग स्थान पर रखी जाएगी और भीषण गर्मी में शहर में हर इंसान को पानी उपलब्ध हो उसकी प्यास बुझाई जा सके इसके लिए तीन प्याऊ ठाठीपुर, इंदरगंज चौराहा और हजीरा चौराहे पर लगाई जाएगी।

सोनचिरैया स्त्री उड़ान प्रदर्शनी 2 .0 आज

ग्वालियर में महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। सोनचिरैया स्त्री उड़ान एग्जीबिशन 2.0 का आयोजन कल होटल सेंट्रल पार्क, ग्वालियर में दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा जिसमें 40 से अधिक महिला उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। इस एग्जीबिशन में लाइफस्टाइल, होम बेकिंग, हैंडमेड प्रोडक्ट्स, होम डेकोर सहित कई तरह के उत्पाद देखने को मिलेंगे।

शहर की दो महिला उद्यमियों, दीपा चौहान और डॉ. श्वेता चौहान द्वारा शुरू किया गया है दोनों ने शहरवासियों से अपील की है कि सोनचिरैया स्त्री उड़ान अभियान आज देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। वर्ष 2015 में शुरू हुई इस पहल के तहत ग्वालियर में ही हैंडवर्क साड़ियों और सूट्स का

निर्माण किया जाता है, जिनकी मांग अब पूरे भारत में है। खास बात यह है कि जयपुर जैसे शहर, जो हैंडवर्क साड़ियों के लिए प्रसिद्ध हैं, वहां भी ग्वालियर में तैयार किए गए उत्पादों की अच्छी सप्लाई की जा रही है।

अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा और अनुभव को समझते हुए, दीपा और श्वेता ने अन्य महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 'सोनचिरैया स्त्री उड़ान' मंच की शुरुआत की। इस मंच के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है।

म .प्र . अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर संयुक्त मोर्चा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। प्रदेश के 52 मान्यता प्राप्त/गैर मान्यता प्राप्त संघटनों का संघ मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर संयुक्त मोर्चा के द्वारा संघटन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एम पी द्विवेदी के अनुमोदन पर चार नये कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किये गये। श्री विवेक शर्मा (फार्मासिस्ट), श्री रामसिंह (प्रा. शिक्षक), श्री मनोहर कटारिया (स्पोर्ट ऑफीसर) एवं श्री सूर्यप्रकाश रेखवार (लघु वेतन संघ) को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री रणवीर सिंह सिकरवार एवं जिला संयोजक श्री रविन्द्र त्रिपाठी ने

चार नये कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त

राज्य स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संचार संस्थान ग्वालियर में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह के दौरान चारों कार्यकारी जिला अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष महादेव सिंह गोयल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह सिकरवार एवं जिला संयोजक रविन्द्र त्रिपाठी ने संयुक्त मोर्चा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आगे की रणनीति पर चर्चा की एवं नवनियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्षों को शुभकामनाऐं प्रेषित की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। श्री विवेक शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया और संगठन को मजबूत करने के लिये समर्पण से कार्य करने की बात कही। अंत में आभार राज्य कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष बलवीर परमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर म.प्र. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र जैन, राम पाठक, दिलीप राठौर, हरीमोहन शर्मा, कर्मचारी काग्रेस के जिला अध्यक्ष अनूप शर्मा, लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, बसंत कुमार, उदित जोशी, दीपक पांडे, श्री सोनी, प्रशांत सक्सैना, रविन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र गोयल, कर्मचारी नेता कोमल सिंह, धर्मवीर शुक्ला एवं अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

डम्परों से डीजल व बैटरी चोरी करने वाली गैंग के 5 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 4 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह द्वारा चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर चोरां को पकड़ने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य/यातायात) ग्वालियर श्रीमती अनु बेनीवाल(भापुसे) द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सीएसपी ग्वालियर श्री कृष्ण पाल सिंह(रापुसे) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिघरा निरीक्षक शिवराम सिंह कंसाना के नेतृत्व में थाना बल की टीम को थाना तिघरा के अपराध क्रमांक 29/26 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अज्ञात चोरों की पतारसी कर पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दौराने विवेचना आज दिनांक 04.04.2026 को थाना तिघरा पुलिस को जरिये मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि रामकृष्ण कॉलेज के सामने से डम्परों से डीजल व बैट्री चोर करने वाले लोग 02 चार पहिया गाडियों में देवखो रोड़ बघेल की खिरकाई के पास में कही जाने की फिराक में खड़े हुऐ है।

उक्त सूचना पर थाना प्रभारी तिघरा के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान देवखो रोड़ बघेल की खिरकाई के पास जाकर देखा तो 02 सफेद रंग की चार पहिया वाहन खड़े हुए दिखाई दिये, दोनां चार पहिया वाहनों की चारां तरफ से घेराबंदी कर देखा तो एक स्वीफ्ट कार व एक सफेद रंग की आर्टिका कार खड़ी थी, आर्टिका कार क्र. एमपी07-जेडवी-5655 में बैठे लोगां से पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम दिलशाद खान पुत्र नसारत खान उम्र 26 साल निवासी डाणा मौहल्ला खारा कुआ मोहना थाना मोहना जिला ग्वालियर(म.प्र.) दूसरे साथियों में से पहले ने अपना नाम शफीक खान पुत्र अजीज खान उम्र 35 साल निवासी डाणा मौहल्ला खारा कुआ मोहना थाना मोहना जिला ग्वालियर(म. प्र.), दूसरे ने अपना नाम अमीर उर्फ आमिर खान पुत्र सिताब खान उम्र 28 साल निवासी निवासी डाणा मौहल्ला खारा कुआ मोहना थाना मोहना जिला ग्वालियर (म.प्र.) का होना बताया। आर्टिका गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी में 05 नग बैट्री रखी पाई गई। उक्त लोगों से बैटरी के संबध मे पूछताछ की गई तो उन्होने कुल 08 नग बैटरी रामकृष्ण कॉलेज के सामने डम्पर से चोरी करना बताया। जिसमे से 03 बैटरी आरोपी आमिर खान द्वारा एक अज्ञात कबाड़े की फेरी वाले को 3000 रूपये मे बेचना बताया। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से 05 नग बैटरी, 3000 रुपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त आर्टिका कार को विधिवत जप्त किया।